# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय
ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in Website :- www.policeuniversity.ac.in


क्रमांक :– एफ.3(84)/एसपीयूपी/2017/लेखा/ FC /2828 दिनांक :–15.दिसम्बर 2021

# वित्त समिति बैठक दिनांक 30 नवम्बर 2021
## कार्यवाही विवरण

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर की वित्त समिति की बैठक दिनांक 30 नवम्बर 2021 को माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दोपहर 12.30 बजे आयोजित की गई। इसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. डॉ आलोक त्रिपाठी, माननीय कुलपति महोदय, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर । — अध्यक्ष
2. श्री दिनेश कुमार, बारहठ, कोषाधिकारी, कोष कार्यालय (शहर), जोधपुर (सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर की ओर से नामित सदस्य) — सदस्य
3. प्रो. एस एस टाक (सेवानिवृत), जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (वि.वि. प्रबन्ध बोर्ड द्वारा नामित सदस्य) — सदस्य
4. श्री विकास सिहाग, सहायक आचार्य, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर । (वि.वि. प्रबन्ध बोर्ड द्वारा नामित सदस्य) — सदस्य
5. श्री जसराज चौहान, वित्त नियंत्रक, सदस्य–सचिव, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर । — सदस्य सचिव

श्रीमती नेहा गिरि, आई ए एस, कुलसचिव, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर भी बैठक में उपस्थित हुई ।

सर्वप्रथम वित्त समिति के सदस्य सचिव श्री जसराज चौहान, वित्त नियंत्रक के द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा वित्त समिति के गठन के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया । तदुपरान्त बैठक के एजेन्डा बिन्दुओं पर बिन्दुवार चर्चा की जाकर निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**बिन्दु संख्या 2/1 :– विश्वविद्यालय की वित्त समिति की प्रथम बैठक दिनांक 18 अप्रैल 2018 के कार्यवाही विवरण एवं अनुपालना रिपोर्ट का अनुमोदन ।**

**निर्णय –2/1 :–** विश्वविद्यालय की प्रथम वित्त समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण पर बिन्दुवार चर्चा की गई । कार्यवाही विवरण के बिन्दु संख्या 7 पर दर्शाये अनुसार माननीय सदस्यगण प्रो. एस एस टाक द्वारा विश्वविद्यालय के सनदी लेखाकार के नियुक्ति प्रकरण पर टिप्पणी की गई कि सनदी लेखाकार के नियुक्ति सम्बन्धी प्राधिकार का उल्लेख विश्वविद्यालय एक्ट अथवा किस नियम में है । इसी क्रम में महोदय द्वारा बताया गया कि सनदी लेखाकार की नियुक्ति प्रबन्ध मण्डल के अनुमोदनोपरान्त आदेश जारी किया जाना चाहिए, तत्पश्चात् वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना उचित है ।

कार्यवाही विवरण के बिन्दु संख्या 09 विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2012–13 में आयोजित की गई पटवार भर्ती परीक्षा में प्राप्त अनुदान राशि में से राशि रूपये 2 करोड़ के सम्बन्ध में प्रो. एस एस टाक द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि उक्त राशि की वसूली के सम्बन्ध में तत्कालीन उत्तरदायी अधिकारी से वसूली के लिये प्रयास किये जाने चाहिए एवं भविष्य में इसके लिये जो भी कार्यवाही वांछनीय हो सकती है उसे सम्पादित किया जाना चाहिए, जिसका समिति ने अनुमोदन किया ।

वित समिति द्वारा अन्य बिन्दुओं से सम्बन्धित कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु संख्या 2/2 :– विश्वविद्यालय की राज्यनिधि एवं छात्रनिधि कोष में गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्राप्त होने वाली अनुमानित प्राप्तियों का विवरण ।**

**निर्णय –2/2 :–** विश्वविद्यालय के राज्यनिधि एवं छात्रनिधि कोष में वित्तीय वर्ष 2020–21 में हुए वास्तविक व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्राप्त होने वाली अनुमानित प्राप्तियों पर विचार विमर्श किया गया । माननीय सदस्य प्रो. एस एस टाक द्वारा सुझाव दिया गया कि आगामी वित समिति बैठक के दौरान अनुमानित आय एवं व्यय का ब्यौरा मदवार बजट प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया जाये । छात्रनिधि से प्राप्त होने वाली आय का वर्गीकरण कर मदवार आंय का ब्यौरा उपलब्ध करवाया जाना चाहिए, जिससे छात्रों से प्राप्त होने वाली विभिन्न अनुमानित आय यथा ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, लाईब्रेरी, स्पोर्टस इत्यादि में उपलब्ध राशि की स्थिति का पता चल सके एवं उक्त राशि उसी मद में व्यय की जा सके । उक्त के उपरान्त बैठक सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय
ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in

Website :- www.policeuniversity.ac.in


**बिन्दु संख्या 2/3 :– विश्वविद्यालय के राज्यनिधि एवं छात्रनिधि कोष में वित्तीय वर्ष 2020–21 में हुए वास्तविक व्यय का विवरण व अनुमोदन ।**

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के राज्य निधि एवं छात्रनिधि कोष में वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान हुए वास्तवित व्यय का मदवार विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत कर विचार–विमर्श किया गया :–

(अ) सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के **राज्यनिधि** से वित्तीय वर्ष 2020–21 (मार्च 2021 तक) में हुए वास्तविक व्यय का मदवार विवरण :–

| क्र. सं. | विश्वविद्यालय कोष विवरण | वित्तीय वर्ष 2020–21 में हुए वास्तविक व्यय का विवरण (लाखों में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गैर संवेतन –12 (लाखों में) | | संवेतन–92 (लाखों में) | | पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेत सहायतार्थ अनुदान–93 | | कुल राशि | |
| | | प्राप्त | व्यय | प्राप्त | व्यय | प्राप्त | व्यय | प्राप्त | व्यय |
| 01. | राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान राशि में से वास्तविक व्यय | 67.00 | 57.32 | 433.00 | 461.91 | शून्य | शून्य | 500.00 | 519.23 |

(ब) सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के **छात्रनिधि कोष** में वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान प्राप्त राशि 78.89 लाख के विरूद्व हुए वास्तविक व्यय का मदवार विवरण :–

(` In Lacs.)

| S.No. | Expenditure Head | Actual Expenditure (Upto Mar' 2021) 2020-21 |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1 | संविदाकर्मियों को प्लेसमेंट एजेन्सी के द्वारा पारिश्रमिक भुगतान | 9.96 |
| 2 | फीस रिफण्ड | 3.35 |
| 3 | यात्रा व्यय | 0.21 |
| 4 | चिकित्सा व्यय | 3.48 |
| 5 | कार्यालय जलपान सम्बन्धी व्यय | 0.32 |
| 6 | कम्प्यूटर/प्रिन्टर रिपेयरिंग/इक्यूपमेन्ट व्यय | 0.24 |
| 7 | ई एल पी मानदेय | 0.05 |
| 8 | मोटर वाहन रिपेयरिंग एवं बीमा व्यय | 0.73 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | मोटर वाहन में पेट्रोल/डीजल व्यय | 0.30 |
| 10 | बिजली/इन्टरनेट व्यय | 4.52 |
| 11 | पुस्तकालय व्यय | 1.99 |
| 12 | अतिथि व्याख्याताओं को मानदेय व्यय | 5.42 |
| 13 | कार्यशाला/सेमीनार व्यय | 0.42 |
| 14 | विशिष्ट व्यय(न्यूज पेपर/लीगल व्यय/अंकेक्षण /साफ–सफाई इत्यादि व्यय) | 15.33 |
| 15 | प्रिन्टिंग/एडवटाईजिंग/विज्ञापन व्यय | 3.00 |
| | **Total Sr. No. 1 To 15** | **49.32** |

**निर्णय 2/3 :–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के राज्य निधि एवं छात्रनिधि कोष से वित्तीय वर्ष 2020–21 में हुए वास्तविक व्ययों पर चर्चा की गई । प्रो. एस एस टाक महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि संवेतन मद में उपरोक्तानुसार दर्शाई गई कुल व्यय राशि रूपये 461.91 लाख को वर्गीकृत कर शैक्षणिक कार्मिकों एवं गैर शैक्षणिक कार्मिकों को किये गये वेतन भुगतान की राशि पृथक पृथक दर्शाई जानी चाहिए, ताकि वास्तविक वस्तुस्थिति ज्ञात हो सके । उक्त के उपरान्त माननीय सदस्यों के मदवार व्यय पर विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से व्ययों का अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/4 :– विश्वविद्यालय द्वारा कोष कार्यालय में संधारित निजी निक्षेप खातों एवं विभिन्न बैंकों में संधारित किये जा रहे बचत/चालू/स्थाई बैंक खातों का विवरण।**

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के निम्नानुसार विभिन्न निजी निक्षेप (पी डी) खाते एवं बचत/स्थाई जमा खाते विद्यमान हैं :–

**(1) कोष कार्यालय (ग्रामीण), जोधपुर में स्थित निजी निक्षेप खातों का विवरण :–**

| क्र. सं. | निजी निक्षेप (पी डी) खातो का विवरण | दिनांक 31 अक्टूबर 2021 का अन्तिम शेष | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| 01. | पी डी खाता संख्या 5749 | 1,23,62,651/– | This PD Account (Non Interest Bearing) was opened for Govt Fund and other related transanction purpose. |
| 02. | पी डी खाता संख्या 7018 | 7,35,20,721/– | This PD Account was opened for Interest Bearing purpose. |

**(2) विभिन्न बैंकों में स्थित स्थाई जमाओं एवं बैंक खातों का विवरण :–**

| क्र. सं. | विद्यमान बैंक खातों का विवरण | | प्रत्येक बैंक खाता खोलने का उद्देश्य | दिनांक 31 अक्टूबर 2021 का अन्तिम शेष | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | खाता संख्या एवं प्रकार | बैंक का नाम एवं खाता खुलवाने की तिथि | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 00593021003971 स्थाई जमा (The Coordinator MPE 2013) | पी. एन. बी. बैंक 11.11.2013 | Patwar Exam | 2,40,24,423/- **(Maturity Amt. 2,57,49,355/- Maturity date 05.05.2022)** | This is not regular bank a/c, it is fixed deposit amount received from revenue board in patwar recruit which is regularly rewised according to maturity of f.d rate of interest 5.00%. |
| 2 | 00593021003988 स्थाई जमा (The Coordinator MPE 2013) | पी. एन. बी. बैंक 11.11.2013 | Patwar Exam | 1,58,94,865/- **(Maturity Amt. 1,67,79,001/- Maturity date 01.03.2022)** | This is not regular bank a/c, it is fixed deposit amount received from revenue board in patwar recruit which is regularly rewised according to maturity of f.d rate of interest 5.45%. |
| 3 | 00592041002544 बचत खाता (Registrar, SPUP, Jod.) | पी. एन. बी. बैंक 11.03.2021 | Student Fund | 1,14,99,583.23 /– | This Account is regular Student fund a/c of university. |
| 4 | 915010012451089 बचत खाता (FCRA ) | एक्सीस बैंक 08.12.2014 | FCRA Purpose | 3,92,396.67 /– | This Account is used for FCRA Grant. |
| 5 | 016701016365 बचत खाता (Registrar, SPUP, Jodhpur) | आई सी आई सी आई बैंक, जोधपुर फरवरी 2017 | University purpose | 50,29,432 /– | This account is used for on line Fees deposit a/c, entrance exam and student fees purpose. |

**निर्णय 2/4 :–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के राज्य निधि एवं छात्रनिधि कोष हेतु उपरोक्तानुसार विद्यमान बैंक/पी डी खातों एवं उपलब्ध राशि का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया । माननीय सदस्य प्रो. एस एस टाक द्वारा सुझाव दिया गया कि एक्सीस बैंक में विद्यमान बचत खाता संख्या 915010012451089 (एफ सी आर ए) का संचालन विदेशी मुद्रा सहायतार्थ अनुदान एक्ट 2020 के अनुसार किया जाना चाहिए । वित्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त बिन्दु का अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/5 :– सी.ए. ऑडिट रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 का अनुमोदन ।**

**निर्णय 2/5 :–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय के राज्यनिधि, छात्रनिधि कोष एवं अन्य केन्द्र के वित्तीय वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं वर्ष 2018–19 की अंकेक्षण रिपोर्ट वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई । माननीय सदस्य प्रो. एस एस टाक द्वारा अंकेक्षण

# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय
ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in Website :- www.policeuniversity.ac.in

रिपोर्ट को सनदी लेखाकार के माध्यम से पुनः समीक्षा (**Review**) किये जाने हेतु सुझाव दिया । उक्त के आलावा सुझाव दिया गया कि अंकेक्षण रिपोर्ट में पिछली कमियों का विशेष ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय के सभी फण्ड की भविष्य में समेकित अंकेक्षण रिपोर्ट (**Consolidated Audit Report**) तैयार की जाये ।

**बिन्दु संख्या 2/6 :– विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 के लेखों का अंकेक्षण करने हेतु मैसर्स उत्तम आबूवाला एण्ड कम्पनी, जोधपुर को अधिकृत करने के प्रस्ताव का अनुमोदन एवं उक्त सनदी लेखाकार के अंकेक्षण सम्बन्धी कार्य सन्तोषजनक नहीं किये जाने के कारण अन्य फर्म मैसर्स एस के शर्मा एण्ड एसोसिएट्स की नियुक्ति का अनुमोदन ।**

**निर्णय 2/6 :–** विश्वविद्यालय द्वारा जारी सनदी लेखाकार के नियुक्ति आदेश को वित्त समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ रखा गया, जिस पर माननीय सदस्य प्रो. एस एस टाक महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि सनदी लेखाकार प्रथमतया प्रबन्ध मण्डल की बैठक के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदित करवाया जाये तत्पश्चात वित्त समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ रखा जाये । इस पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक से अनुमोदनापरान्त उक्त आदेश को वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु अवगत कराया ।

**बिन्दु संख्या 2/7 :– विश्वविद्यालय के नवीन परिसर ग्राम लोरड़ी पण्डित जी से जोधपुर शहर की स्थानीय दूरी अधिक होने के कारण बाहरी अतिथि व्याख्याताओं को आमंत्रित करने पर पूर्व में जारी किये गये स्थानीय आवागमन भत्ता राशि रूपये 250/– से 500/– रूपये वृद्वि करने सम्बन्धी आदेश का अनुमोदन ।**

**निर्णय 2/7 :–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के नवीन परिसर ग्राम लोरड़ी पण्डित जी से जोधपुर शहर की स्थानीय दूरी अधिक होने के कारण बाहरी अतिथि व्याख्याताओं को आमंत्रित करने पर पूर्व में जारी किये गये स्थानीय आवागमन भत्ता राशि रूपये 250/– से बढ़ाकर 500/– रूपये अभिवृद्वि करने हेतु अकादमिक शाखा से जारी आदेश क्रमांक 6322–29 दिनांक 15.02.2020 की कार्योत्तर स्वीकृति पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/8 :– विश्वविद्यालय के अतिथि व्याख्याताओं द्वारा कोविड–19 एवं लॉकडाउन अवधि के दौरान ऑनलाईन कक्षाएं आयोजित करने पर इन्टरनेट चार्जेज एवं अन्य इन्फास्ट्रक्चर का प्रयोग करने पर प्रति माह 1000/– राशि का भुगतान किये जाने सम्बन्धी आदेश का अनुमोदन ।**

# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in Website :- www.policeuniversity.ac.in


**निर्णय 2/8 :–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय के अतिथि व्याख्याताओं द्वारा कोविड–19 महामारी एवं लोकडाउन अवधि के दौरान अध्ययनरत् विद्यार्थियों के ऑनलाईन कक्षाएं आयोजित करने पर इन्टरनेट चार्जेज एवं अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर का प्रयोग करने पर अतिथि व्याख्याताओं को प्रति माह 1000/– राशि का भुगतान किये जाने हेतु अकादमिक शाखा से कार्यालय आदेश संख्या 1791–98 दिनांक 19.09.2020 की कार्योत्तर स्वीकृति पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/9 :– विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की तृतीय सेमेस्टर शुल्क राशि कम किये जाने सम्बन्धी आदेश का अनुमोदन ।**

**निर्णय 2/9 :–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की तृतीय सेमेस्टर की फीस कोविड–19 महामारी के कारण अकादमिक शाखा से जारी आदेश संख्या 2697–2704 दिनांक 11.12.2020 की कार्योत्तर स्वीकृति पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/10 :– विश्वविद्यालय के शैक्षणिक/अशैक्षणिक कार्मिकों के निर्धारित समयोपरान्त सेवानिवृति के दौरान भुगतान की जाने वाली ग्रेच्यूटी फण्ड हेतु कोष का निर्माण किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार विमर्श ।**

**निर्णय 2/10 :–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर में कार्यरत विश्वविद्यालय के शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारियों के सेवानिवृत अवधि के दौरान भुगतान किये जाने वाले समस्त परिलाभों में से एक उपादान (**Gratuity**) राशि के भुगतान हेतु वर्तमान में विश्वविद्यालय में किसी प्रकार का प्रावधान एवं नियम नहीं होने के कारण प्रो एस एस टाक द्वारा सुझाव दिया गया कि सर्वप्रथम वित्त समिति इस सम्बन्ध में नियमानुसार विस्तृत प्रस्ताव बनाकर आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक के समक्ष प्रस्तुत करे एवं प्रबन्ध बोर्ड के दिशा–निर्देशानुसार उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन कराये । तत्पश्चात् उक्त प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग, राज्य सरकार को भिजवाया जाये एवं राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त निर्देशानुसार अग्रिम कार्रवाई की जानी उचित है । उक्त का समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/11 :– विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के पद पर कार्यरत कर्नल जयदेव सिंह को अधिकतम प्रतिमाह 55,000/– (प्रति कालांश 1500/–) मासिक मानदेय के भुगतान के सम्बन्ध में जारी आदेश का अनुमोदन ।**

# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in Website :- www.policeuniversity.ac.in


**निर्णय 2/11 :–** विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के पद पर कार्यरत् कर्नल जयदेव सिंह राठौड़ को अकादमिक शाखा के आदेश संख्या 1131 दिनांक 14.09.2020 के तहत **B A in Security Management, 1st Semester** हेतु अधिकतम प्रतिमाह 50,000/– (प्रति कालांश 1500/–) मासिक मानदेय सम्बन्धी आदेश में संशोधन उपरान्त कार्यालय आदेश क्रमांक 3234–43 दिनांक 02.02.2021 में वर्णित दर की कार्योत्तर स्वीकृति का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/12 :– विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा से सम्बन्धित क्रय प्रस्तावों पर विचार विमर्श एवं अनुमोदन ।**

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय जोधपुर के लोरड़ी पण्डितजी स्थित स्थाई परिसर के विभिन्न भवनो यथा अकादमिक भवन(**G**), छात्र–छात्रावास(**G+1**), छात्रा–छात्रावास(**G**), आवासीय भवन टाइप–**III** (**G+3**) एवं परिसर के चारदीवारी का कार्य कार्यकारी एजेन्सी आर.एस.आर.डी.सी. लि. द्वारा किया गया। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित कार्यों का अनुमोदन प्रबन्ध बोर्ड की बैठक में किये जाने के पश्चात् कार्य एवं कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु प्रस्तुत किये गये :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेन्स रूम, कम्प्यूटर लैब व बी.ए. सिक्योरिटी मैनेजमेंट लैब की स्थापना के लिए फर्नीचर का क्रय । | 24.02 लाख |
| 2. | विश्वविद्यालय के छात्रावासों एवं अकादमिक भवन में पीने के पानी की व्यवस्था हेतु 05 वाटर प्यूरीफायर का क्रय । | 0.40 लाख |
| 3. | विश्वविद्यालय अकादमिक भवन में कम्प्यूटर लैब हेतु 50 कम्प्यूटर, लेपटोप/ सरफेस का क्रय । | 55.00 लाख |
| 4. | विश्वविद्यालय अकादमिक भवन में 2 हाईब्रिड रूम के निर्माण व उपकरणों का कय । | 30.00 लाख |
| 5. | विश्वविद्यालय पाठयक्रम बी.ए. सिक्योरिटी मैनेजमेंट हेतु सिक्योरिटी उपकरणों का क्रय । | 4.12 लाख |
| 6. | विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम का क्रय । | 03.20 लाख |
| 7. | विश्वविद्यालय के बोर्ड रूम मे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम का क्रय । | 30.00 लाख |
| 8. | विश्वविद्यालय परिसर मे सी.सी.टी.वी. व वाई–फाई व्यवस्था । | 70.00 लाख |
| 9. | विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए खेल सामग्री व जिम के लिए उपकरण क्रय । | 20.00 लाख |
| 10. | विश्वविद्यालय के छात्रावासों व आवासीय भवनों में अलमारियों पर लोहे के दरवाजे लगवाना । | 25.00 लाख |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन की विभिन्न कक्षा –कक्षों व कार्यालय की खिड़कियों पर Roller Blind Curtains लगाना । | 3.40 लाख |
| 12. | विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में अतिथि–गृह के उपयोग मे आने वाले रूम में **AC** लगवाये जाने हेतु **AC** का क्रय । | 2.00 लाख |
| 13. | विश्वविद्यालय परिसर में स्थित अकादमिक भवन, छात्रावास एवं आवासीय भवनों को नेटवर्क से जोड़ने हेतु **Optical Fiber** केबल बिछाने एवं **Installation** का कार्य । | 5.54 लाख |
| 14. | विश्वविद्यालय परिसर में स्टूडियो रूम का निर्माण । | 10.00 लाख |
| 15 | विश्वविद्यालय में दो डिजीटल फोरेंसिक व क्लाउड कम्प्यूटिंग लैब की स्थापना । | 150.00 लाख |
| | कुल योग | 432.68 लाख |

<u>निर्णय 2/12 :–</u> वित्त समिति द्वारा उपरोक्त क्रम संख्या 1 में दर्शाये विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर लैब के फर्नीचर व बी.ए.सिक्योरिटी मैनेजमेंट लैब की स्थापना के कार्य पर 9.02 लाख रूपये के व्यय एवं क्रम संख्या 2, 5, 6, 11 एवं 13 पर दर्शाये कार्यों से सम्बन्धित व्ययों की चर्चा उपरान्त कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई ।

वित्त समिति द्वारा क्रम संख्या 1 पर दर्शाये कॉन्फ्रेंस रूम में फर्नीचर क्रय हेतु अनुमानित व्यय राशि रूपये 15.00 लाख एवं क्रम संख्या 3, 4, 7, 8, 9, 10, 12, 14 एवं 15 पर दर्शाये प्रस्तावित कार्यों एवं इन पर सम्भावित व्ययों के सम्बन्ध में सहमति प्रदान की गई ।

माननीय सदस्य प्रो. एस एस टाक महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि भविष्य में कार्योत्तर स्वीकृति व नए सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों के एजेन्डा बिन्दु पृथक–पृथक प्रस्तुत किये जाए । बिन्दु संख्या 11 पर दर्शाये व्यय पर विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन की विभिन्न कक्षा–कक्षों की खिड़कियों पर रोलर ब्लाईन्ड करटेंन्स लगाने पर माननीय सदस्य प्रो. एस एस टाक द्वारा आपति जाहिर कर भविष्य में ऐसे करटेंस नहीं लगवाने के सम्बन्ध में सुझाव दिया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया ।

<u>बिन्दु संख्या 2/13 :– विश्वविद्यालय के सम्पदा शाखा से सम्बन्धित निर्माण प्रस्तावों पर विचार विमर्श एवं अनुमोदन ।</u>

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय जोधपुर के लोरड़ी पण्डितजी स्थित स्थाई परिसर के विभिन्न भवनो यथा अकादमिक भवन(**G**), छात्र–छात्रावास(**G+1**), छात्रा–छात्रावास(**G**), आवासीय भवन टाइप–III (**G+3**) एवं परिसर के चारदीवारी का कार्य कार्यकारी एजेन्सी आर.एस.आर.डी.सी. लि. द्वारा किया गया।

# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in Website :- www.policeuniversity.ac.in


विश्वविद्यालय में पार्किंग शेड, परिसर की चारदीवारी पर मुख्य गेट एवं गार्ड रूम, खेल मैदान, बैठकों हेतु बोर्ड रूम, लैब एवं ऑडिटोरियम, चारदीवारी की ऊँचाई बढ़ाने के कार्यों को प्राथमिकता के साथ किये जाने की महती आवश्यकता है। निर्मित चार भवनों में शैक्षणिक गतिविधियो एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में आ रही दिक्कतो के मद्देनजर एवं विश्वविद्यालय के परिसर में छात्र–छात्राओं को आधारभूत सुविधाऐं, अन्य गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु निर्माण कार्यों की महती आवश्यकता को देखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में बजट अनुमान के तहत पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण मद मे 26.80 करोड़ राशि का बजट प्रस्तुत किया गया था, जिसमें से 1.70 करोड़ राशि की स्वीकृति (**Subject to clearance on file**) प्रदान की गई है । राज्य सरकार द्वारा पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण हेतु शेष राशि का बजट में प्रावधान नहीं किये जाने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं की अर्जित आय से निर्माण कार्य करवाये जाने का निर्णय लिया गया एवं उक्त कार्यों का अनुमोदन प्रबन्ध बोर्ड की बैठक में लिये जाने के उपरान्त वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Installaion of Solar Energy System 60 K.W. | 32.00 लाख |
| 2. | Construction of Basket Ball and Volleyball Ground | 17.78 लाख |
| 3. | Construction of Main Gate of University and Raising the height of constructed front side boundary wall (1 k.m.) with fencing | 70.00 लाख |
| 4. | Construction of Board Room for Meetings Civil & Electric Works | 9.27 लाख |
| 5. | Semi Permanent Structure for 10 Rooms, 2 Cyber Labs, One Conference hall | 50.00 लाख |
| 6. | Construction of Constitution Pillar and Sanvidhan Park. | 100.00 लाख |
| 7. | Construction of Platform for Installation of Solar Plant & Parking which's to be used for Parking of vehicle also | 20.00 लाख |
| 8. | Construction of Sewage Treatment Plant (STP) | 100.00 लाख |
| | कुल योग | 399.05 लाख |

<u>निर्णय 2/13</u> :– वित्त समिति द्वारा उपरोक्त क्रम संख्या 1, 2, 4, 7 में वर्णित निर्माण सम्बन्धी कार्यों से सम्बन्धित व्ययों की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई ।

# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in    Website :- www.policeuniversity.ac.in


वित्त समिति द्वारा क्रम संख्या 3, 5 एवं 8 पर दर्शाये प्रस्तावित कार्यों एवं इन कार्यों पर सम्भावित व्ययों के सम्बन्ध में सहमति प्रदान की गई तथा माननीय सदस्य प्रो. एस एस टाक द्वारा क्र. संख्या 6 पर वर्णित संविधान पार्क के निर्माण कार्य को आगामी वित्त वर्ष में पुनः प्रस्तुत किये जाने हेतु सुझाव दिया गया जिसे समिति द्वारा स्वीकार किया गया ।

प्रो. एस एस टाक महोदय द्वारा क्रम संख्या 8 पर दर्शाये एस टी पी निर्माण कार्य के सम्बन्ध में राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी प्रावधान के बारे में भी पता करने के सम्बन्ध में सुझाव दिया, जिसे समिति द्वारा स्वीकार किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/14 :– विश्वविद्यालय के वाहन–ईनोवा, टाटा वेंचर, टाटा मांजा एवं मारूति एस एक्स–4 के न्यूनतम वर्ष पूर्ण होने पर नियमानुसार नकारा घोषित कर नये वाहन क्रय किये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श ।**

विश्वविद्यालय की स्थापना के दौरान आवागमन के लिये विभिन्न सरकारी वाहन क्रय किये गये थे । उक्त सरकारी वाहनों में ईनोवा, टाटा वेंचर, टाटा मांजा एवं मारूति एस एक्स–4 के न्यूनतम वर्ष पूर्ण होने पर उक्त वाहनों को नियमानुसार नकारा घोषित किये जाने एवं इनके स्थान पर नये वाहन क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया, जिनका विवरण इस प्रकार है :–

| क्र. म. | वाहन का नाम | वाहन का प्रकार | क्रय तिथि | पुर्ण कर लिऐ गये वर्ष | पुर्ण कर लिऐ कि.मी. | GF&AR के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | न्युनतम कि.मी. (लाखो) | न्युनतम वर्ष |
| 1. | TVS Moped | Motor Cycles | 24.04.2013 | 8 Years | 2439 | 1.20 lacs | 07 Years |
| 2. | Indigo Manza | LMV | 20.03.2013 | 8 Years | 191956 | 2.00 lacs | 08 Years |
| 3. | Innova | LMV | 23.04.2013 | 8 Years | 152854 | 2.00 lacs | 08 Years |
| 4. | Maruti Sx4 | LMV | 19.03.2013 | 08 Years | 163205 | 2.00 lacs | 08 Years |
| 5. | Tata Venture | LMV | 08.08.20213 | 08 Years | 166076 | 2.00 lacs | 08 Years |
| 6. | Tata Mini Bus | HMV | 23.08.2013 | 08 Years | 209446 | 4.00 lacs | 10 Years |

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय
ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in Website :- www.policeuniversity.ac.in

**निर्णय 2/14 :–** वित्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न सरकारी वाहनों में ईनोवा, टाटा वेंचर, टाटा मांजा एवं मारूति एस एक्स–4 के न्यूनतम वर्ष पूर्ण होने पर उक्त वाहनों को नियमानुसार नकारा घोषित किये जाने एवं इनके स्थान पर नये वाहन क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/15 :– विश्वविद्यालय की कम्प्यूटर लैब में स्थापित कम्प्यूटर उपकरणों के पुराने होने से उक्त कम्प्यूटर उपकरणों को नियमानुसार नकारा घोषित कर इनके स्थान पर नये कम्प्यूटर उपकरण क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार विमर्श ।**

विश्वविद्यालय की कम्प्यूटर लैब में स्थापित विभिन्न कम्प्यूटर उपकरणों के न्यूनतम वर्ष पूर्ण होने पर नियमानुसार इन्हें नकारा घोषित किये जाने एवं इनके स्थान पर नये कम्प्यूटर उपकरण क्रय किये जाने हेतु कुल अनुमानित लागत 30.00 लाख के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाना प्रस्तावित है ।

**निर्णय 2/15 :–** विश्वविद्यालय की कम्प्यूटर लैब में स्थित कम्प्यूटर उपकरणों को नकारा घोषित कर इनके स्थान पर नये कम्प्यूटर उपकरण क्रय किये जाने के सम्बन्ध में प्रो. एस एस टाक द्वारा प्रस्तावित कम्प्यूटर कार्यालय या कम्प्यूटर लैब के लिये होने के सम्बन्ध में स्पष्ट उल्लेख कर तकमीना आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2/16 :– अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**निर्णय 2/16 :–** वित्त नियंत्रक महोदय से वित्त से सम्बन्धित अन्य कोई बिन्दु होने पर विचार–विमर्श किया गया, जिसमें वित्त मामलों से सम्बन्धित किसी प्रकार का बिन्दु अथवा अन्य प्रकरण नहीं होने पर वित्त समिति की बैठक का समापन की घोषणा अपरान्ह 15.00 बजे की गई ।

अन्त में आसन को धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई ।

15/12/2021
वित्त नियंत्रक एवं सदस्य सचिव

क्रमांक :– एफ.3(84)/एसपीयूपी/2017/लेखा/ FC /2829-42 दिनांक :– 15 दिसम्बर 2021

# सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

E-mail :-vc@policeuniversity.ac.in Website :- www.policeuniversity.ac.in


**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. माननीय कुलपति महोदय, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर ।
2. सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर, प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा नामित किये गये सदस्य के रूप में ।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर ।
4. प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, सचिवालय, राजस्थान, जयपुर ।
5. श्री नवज्योति गोगोई (आई. जी., आई पी एस), प्रो. वाईस चांसलर, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर ।
6. प्रो. एस. एस. टाक (सेवानिवृत), जय नारायण व्यास वि.वि., जोधपुर (प्रबन्ध बोर्ड द्वारा नामित सदस्य) ।
7. कुलसचिव, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर ।
8. डॉ कनिका पंवार, सहायक आचार्य, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय वि.वि., जोधपुर ।
9. श्री विकास सिहाग, सहायक आचार्य, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय वि.वि., जोधपुर को प्रतिलिपि प्रेषित कर निवेदन है कि उपरोक्त सम्बन्धित कार्यवाही बिन्दुओं की अनुपालना रिपोर्ट 10 जनवरी 2022 तक प्रस्तुत करें ।
10. सम्पदा अधिकारी, सम्पदा कार्यालय, एस पी यू पी, जोधपुर को प्रतिलिपी प्रेषित कर निवेदन है कि सम्पदा कार्यालय से सम्बन्धित उपरोक्त कार्यवाही बिन्दुओं (बिन्दु संख्या 13) की अनुपालना रिपोर्ट 10 जनवरी 2022 तक प्रस्तुत करें ।
11. अनुभागाधिकारी, स्थापना शाखा एस पी यू पी, जोधपुर को प्रतिलिपी प्रेषित कर निवेदन है कि स्थापना शाखा से सम्बन्धित उपरोक्त कार्यवाही बिन्दुओं (बिन्दु संख्या 6 एवं 10) की अनुपालना रिपोर्ट 10 जनवरी 2022 तक प्रस्तुत करें । बिन्दु संख्या 6 एवं 10 के दिशा–निर्देशानुसार अनुपालनार्थ विस्तृत प्रस्ताव आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक के समक्ष अनुमोदनार्थ रखने एवं राज्य सरकार से स्वीकृति हेतु अग्रिम कार्रवाई की जानी है ।
12. भण्डारपाल, भण्डार शाखा एस पी यू पी, जोधपुर को प्रतिलिपी प्रेषित कर निवेदन है कि भण्डार शाखा से सम्बन्धित उपरोक्त कार्यवाही बिन्दुओं (बिन्दु संख्या 12) की अनुपालना रिपोर्ट 10 जनवरी 2022 तक प्रस्तुत करें ।
13. परिवहन शाखाप्रभारी, एस पी यू पी, जोधपुर को प्रतिलिपी प्रेषित कर निवेदन है कि परिवहन शाखा से सम्बन्धित उपरोक्त कार्यवाही बिन्दुओं (बिन्दु संख्या 14) की अनुपालना रिपोर्ट 10 जनवरी 2022 तक प्रस्तुत करें ।
14. रक्षित पत्रावली ।

15/12/2021

वित्त नियंत्रक एवं सदस्य सचिव